छोटी बचत को बड़ी बनाएँ और बीमा भी पाएँ

एलआईसी का

बीमा लक्ष्मी

प्लान सं.: 881   यूआईएन: 512N389V01

एक आकर्षक योजना केवल महिलाओं के लिए

पायें जीवन बीमा सुरक्षा मूल बीमा धन के बराबर

परिपक्वता पर बीमा राशि एवं गारंटीकृत ऑडिशन्स का भुगतान

अतिरिक्त आकर्षक मनी बैक तीन विकल्पों के अनुसार देय

ऑनलाइन भी उपलब्ध

एक नॉन–पार, नॉन–लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital

विज़िट करें: licindia.in

कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2025-26/17/Hin/SB

एलआईसी की बीमा लक्ष्मी
(यूआईएन: 512N389V01)
(एक असहभागी, असंबद्ध, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना)

एलआईसी की बीमा लक्ष्मी एक असहभागी, असंबद्ध, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना है, जिसे **विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन** किया गया है। यह योजना एक सीमित प्रीमियम भुगतान योजना है, जिसमें गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ शामिल होती हैं और इसके अंतर्गत चयनित विकल्प के अनुसार जीवन बीमा, बचत और उत्तरजीविता हितलाभ भी उपलब्ध होते हैं। यह योजना जीवित पॉलिसीधारक को परिपक्वता के समय अर्जित गारंटीड अभिवृद्धियों के साथ एकमुश्त भुगतान भी प्रदान करती है। इसके अलावा इस योजना में ऋण सुविधा के माध्यम से नकदी की ज़रूरतों को भी पूरा करने की व्यवस्था होती है।

यह एक गैर–सममूल्य उत्पाद है जिसके अंतर्गत मृत्यु या उत्तरजिविता पर देय हितलाभ गारंटीकृत और वास्तविक अनुभव से परे तय किए जाते हैं। इसलिए यह पॉलिसी बोनस आदि या अधिशेष में हिस्सेदारी जैसे किसी भी विवेकाधीन हितलाभ की पात्र नहीं है।

इस योजना को अनुज्ञा प्राप्त अभिकर्ताओं, कॉर्पोरेट अभिकर्ताओं, ब्रोकरों और बीमा विपणन फर्मों के माध्यम से ऑफ़लाइन खरीदा जा सकता है और साथ ही इसे निगम की वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है। हालाँकि, यह पॉइंट ऑफ़ सेल्स पर्सन–लाइफ़ इंश्योरेंस (पीओएसपी–एलआई)/कॉमन पब्लिक सर्विस सेंटर (सीपीएससी–एसपीवी) के माध्यम से विक्रय के लिए उपलब्ध नहीं है।

प्रत्याशित पॉलिसीधारकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पॉलिसी खरीदने संबंधी निर्णय लेते समय उनके द्वारा इस उत्पाद की विशेषताओं, जिनमें संबद्ध जोखिम एवं हितलाभ शामिल हैं, का संदर्भ लिया जा सकता है और ऐसे उत्पाद/इस उत्पाद के अंतर्गत विकल्प चुने जा सकते हैं, जो उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

1. मुख्य विशेषताएं:

- यह विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाई गई एक व्यापक बीमा योजना है, जिसके अंतर्गत सुरक्षा, बचत और उत्तरजीविता हितलाभ उपलब्ध होते हैं।
- पॉलिसी अवधि के दौरान भुगतान की गई प्रीमियमों के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियमों के प्रतिशत के रूप में गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ।
- योजना के अंतर्गत तीन विकल्पों में से उत्तरजीविता हितलाभ चुनने की सुविधा।
- इसमें उत्तरजीविता हितलाभ की प्राप्ति को स्थगित करने का विकल्प है।
- निम्नांकित के लिए लचीलापन:
  - o 7 से 15 वर्ष तक की प्रीमियम भुगतान अवधियों में से कोई एक चुनें।
  - o परिपक्वता/मृत्यु हितलाभ का भुगतान किस्तों में करने का विकल्प चुनें।
- तीन पूर्ण वर्षों की प्रीमियमों के भुगतान के बाद स्वत: बीमा–सुरक्षा की सुविधा।
- उच्च बीमा राशि के लिए आकर्षक प्रोत्साहन राशि का लाभ।
- राइडर हितलाभों के लिए अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर राइडरों का विकल्प चुनकर बीमा–सुरक्षा बढ़ाने का विकल्प।

2. पात्रता की शर्तें तथा अन्य प्रतिबंध

ए	प्रवेश की न्यूनतम आयु	18 वर्ष (पिछला जन्मदिन)
बी	प्रवेश की अधिकतम आयु	50 वर्ष (निकटतम जन्मदिन)
सी	पॉलिसी की अवधि	25 वर्ष
डी	प्रीमियम भुगतान अवधि	7 वर्ष से 15 वर्ष
इ	न्यूनतम मूल बीमा राशि	₹ 200,000
एफ	अधिकतम मूल बीमा राशि	कोई सीमा नहीं, मंडल अनुमोदित जोखिमांकन नीति के अधीन।
जी	मूल बीमा राशि गुणक	(मूल बीमा राशि 10,000 रुपये के गुणकों में होगी।)

जोखिम प्रारंभ होने की तिथि: इस योजना के अंतर्गत, जोखिम की शुरुआत जोखिम के स्वीकृत होने की तिथि से ही तुरंत हो जाएगी।

3. हितलाभ

एक चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय हितलाभ निम्नानुसार होंगे:

ए. मृत्यु हितलाभ:

पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर देय मृत्यु हितलाभ, बशर्ते कि पॉलिसी चालू हो, अर्थात सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया गया हो, अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धि के साथ **"मृत्यु पर बीमित राशि"** होगी।

"मृत्यु पर बीमित राशि" को मूल बीमित राशि या (सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम *गुणित* मॉडल समायोजन कारक) के 10 गुना में से जो भी अधिक हो, के रूप में परिभाषित किया गया है।

यह मृत्यु हितलाभ, मृत्यु की तिथि तक भुगतान किए गए समस्त प्रीमियमों के 105% से कम नहीं होगा।

जहाँ,

(i) मॉडल समायोजन कारक पॉलिसीधारक द्वारा चयनित प्रीमियम भुगतान विधि पर निर्भर होगा और वह निम्नानुसार होगा :

प्रीमियम भुगतान विधि	**मॉडल समायोजन कारक**
वार्षिक	1.0000
अर्द्ध–वार्षिक	1.0180
त्रैमासिक	1.0272
मासिक	1.0332

(ii) **"सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम"** जीवन बीमित की आयु और किसी भी छूट या लोडिंग या किसी भी अतिरिक्त बीमांकन की अनुमति देने से पहले चयनित प्रीमियम भुगतान अवधि के आधार पर चुने गए उत्तरजीविता हितलाभ विकल्प और मूल बीमित राशि के लिए प्रीमियम होगी, और इसमें कोई कर और राइडर प्रीमियम, यदि कोई हो, शामिल नहीं हैं।

(iii) **"भुगतान की गई कुल प्रीमियम"** का अर्थ है आधार उत्पाद के अंतर्गत भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का योग, जिसमें कोई अतिरिक्त प्रीमियम और कर शामिल नहीं है, यदि स्पष्ट रुप से एकत्र किया गया हो।

बी. परिपक्वता संबंधी हितलाभ:

पॉलिसी अवधि के समापन तक बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर, बशर्ते कि पॉलिसी चालू हो, गारंटीड अभिवृद्धि, के साथ **"परिपक्वता पर बीमा राशि"** देय होगी। जहाँ, **"परिपक्वता पर बीमा राशि"** मूल बीमा राशि के बराबर है।

सी. उत्तरजीविता हितलाभ:

पॉलिसी अवधि के दौरान प्रत्येक निर्दिष्ट अवधि के अंत तक बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर, बशर्ते कि सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया गया हो, एकमुश्त या मूल बीमा राशि का एक निश्चित प्रतिशत उत्तरजीविता हितलाभ बीमित व्यक्ति को प्रस्ताव चरण में चुने गए विकल्प के आधार पर आवधिक अंतराल पर देय होगा। एक बार चुने गए इस विकल्प को बाद में बदला नहीं जा सकता।

विकल्प ए:

प्रीमियम भुगतान अवधि के अंत तक बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर, बशर्ते कि सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया गया हो, प्रीमियम भुगतान अवधि के अंत में मूल बीमा राशि का 50% उत्तरजीविता लाभ के रूप में देय होगा।

विकल्प बी और विकल्प सी:

बीमित व्यक्ति द्वारा निर्दिष्ट पॉलिसी वर्षों के अंत तक जीवित रहने पर, बशर्ते कि सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया गया हो, चुने गए विकल्प के अनुसार मूल बीमा राशि के एक निश्चित प्रतिशत के बराबर राशि उत्तरजीविता लाभ के रूप में देय होगी। निम्नलिखित तालिका में उत्तरजीविता हितलाभों के भुगतान की आवृत्ति और चयनित विकल्प के लिए देय उत्तरजीविता हितलाभों के प्रतिशत का विवरण दिया गया है।

पॉलिसी वर्ष की समाप्ति	मूल बीमा राशि के % के रूप में उत्तरजीविता हितलाभ	
	विकल्प बी	विकल्प सी
2	7.5%	---
4	7.5%	15%
6	7.5%	----
8	7.5%	15%
10	7.5%	----
12	7.5%	15%
14	7.5%	----
16	7.5%	15%
18	7.5%	----
20	7.5%	15%
22	7.5%	----
24	7.5%	15%

पॉलिसीधारक को प्रस्ताव चरण में ही उपरोक्त विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होगा।

डी. चालू पॉलिसी के लिए गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ:

एक चालू पॉलिसी (जिसमें सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया गया है) के अंतर्गत, पॉलिसी अवधि के दौरान गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होंगी। एक चालू पॉलिसी के लिए गारंटीकृत अभिवृद्धियों की दर, भुगतान की गई प्रीमियमों के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम का 7% होगी।

यदि कोई पॉलिसी अनुच्छेद 9 में निर्दिष्ट गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर में वृद्धि के संदर्भ में प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र है (अर्थात उच्च मूल बीमित राशि के लिए प्रोत्साहन राशि, मौजूदा पॉलिसीधारक और मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी के लिए या ऑनलाइन विक्रय के लिए प्रोत्साहन राशि), तो पॉलिसी के अंतर्गत गारंटीकृत अभिवृद्धि की लागू दर निर्धारित करने के लिए उपरोक्त गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर को संबंधित प्रोत्साहन राशि द्वारा बढ़ाया जाएगा। ऐसी प्रोत्साहन राशि(याँ) वृद्धिगत प्रकृति की होती हैं, इसलिए यदि कोई पॉलिसी एक से अधिक प्रोत्साहन राशियों के लिए पात्र है, तो ऐसी सभी प्रोत्साहन राशियाँ उपरोक्त गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर में जोड़ी जाएँगी।

एक पॉलिसी वर्ष में चालू पॉलिसी के लिए लागू गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ गारंटीकृत अभिवृद्धियों की लागू दर *गुणित* भुगतान की गई प्रीमियमों के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के गुणनफल के बराबर होगी।

चालू पॉलिसी के अंतर्गत पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर, मृत्यु के वर्ष में गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ पूरे पॉलिसी वर्ष के लिए देय होंगी।

पूर्णतः चुकता पॉलिसी के मामले में (जहां पॉलिसी की संपूर्ण प्रीमियम भुगतान अवधि के लिए देय सभी प्रीमियम का भुगतान कर दिया गया है), प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में गारंटीकृत अभिवृद्धियां अर्जित होती रहेंगी तथा यह चालू पॉलिसी के लिए लागू होगी।

4. उपलब्ध विकल्प

I. राइडर हितलाभ :

इस प्लान के अंतर्गत अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर निम्नांकित चार वैकल्पिक राइडर्स (या इनके संशोधित स्वरूप) उपलब्ध हैं। हालाँकि, पॉलिसीधारक द्वारा एलआईसी के दुर्घटनात्मक मृत्यु एवं दिव्यांगता हितलाभ राइडर या एलआईसी के दुर्घटना हितलाभ राइडर में से किसी एक को तथा/या नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, पात्रता के अधीन बाकी दो राईडर्स को चुना जा सकता है।

ए) <u>एलआईसी का दुर्घटना मृत्यु एवं दिव्यांगता हितलाभ राइडर (यूआईएन: 512B209V02)</u>

इसे मूल योजना की प्रीमियम भुगतान अवधि के भीतर चालू पॉलिसी के अंतर्गत चुना जा सकता है, बशर्ते मूल योजना के साथ-साथ राइडर की बकाया प्रीमियम भुगतान अवधि कम से कम 5 वर्ष हो, लेकिन यह पॉलिसी की वर्षगाँठ से पहले होना चाहिए, जिस पर बीमित व्यक्ति की निकटतम जन्मदिन आयु 60 वर्ष है। इस राइडर के अंतर्गत हितलाभ संरक्षण पॉलिसी अवधि के दौरान या पॉलिसी की वर्षगांठ से पहले जिस दिन बीमित व्यक्ति की निकटतम जन्मदिन आयु 70 वर्ष, जो भी पहले हो उपलब्ध होगा। यदि इस राइडर को चुना जाता है तो दुर्घटनावश मृत्यु होने के मामले में, दुर्घटना हितलाभ बीमा राशि मूल योजना के अंतर्गत मृत्यु हितलाभ के साथ एकमुश्त देय होगी। दुर्घटना के कारण (दुर्घटना की तिथि से 180 दिनों के अंदर) विकलांगता होने पर दुर्घटना हितलाभ बीमा राशि के समान राशि का भुगतान 10 वर्षों की अवधि में समान मासिक किस्तों में किया जाएगा तथा दुर्घटना लाभ बीमा राशि के लिए भविष्य के प्रीमियम्स तथा मूल पॉलिसी के अंतर्गत मूल बीमा राशि, जो कि दुर्घटना लाभ बीमा राशि के समान है, के अंश हेतु प्रीमियम्स को माफ कर दिया जाएगा।

बी) एलआईसी का दुर्घटना हितलाभ राइडर (यूआईएन: 512B203V03)

इसे मूल योजना की प्रीमियम भुगतान अवधि के भीतर चालू पॉलिसी के अंतर्गत चुना जा सकता है, बशर्ते मूल योजना के साथ–साथ राइडर की बकाया प्रीमियम भुगतान अवधि कम से कम 5 वर्ष हो, लेकिन यह पॉलिसी की वर्षगाँठ से पहले होना चाहिए, जिस पर बीमित व्यक्ति की निकटतम जन्मदिन आयु 60 वर्ष है। इस राइडर के अंतर्गत हितलाभ संरक्षण प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान उपलब्ध होगा। अगर इस राइडर को दुर्घटना के कारण मृत्यु की स्थिति के लिए चुना जाता है, तो दुर्घटना हितलाभ राइडर बीमा राशि के साथ एकमुश्त रूप में देय होगी।

सी) एलआईसी का नया टर्म एश्योरेन्स राइडर (यूआईएन: 512B210V02)

यह राइडर केवल पॉलिसी के आरंभ में उपलब्ध है। इस राइडर के अंतर्गत लाभ कवर पॉलिसी अवधि के दौरान उपलब्ध होगा। यदि इस राइडर को चुना जाता है, तो राइडर अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर टर्म राइडर बीमा राशि के बराबर राशि देय होगी, बशर्ते राइडर बीमा–सुरक्षा चालू हो।

डी) एलआईसी का महिला गंभीर बीमारी हितलाभ राइडर (यूआईएन:512B226V01)

यह राइडर केवल पॉलिसी की शुरुआत में ही उपलब्ध है। पॉलिसीधारक के पास कुछ पात्रता शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन होकर, शुरुआत में निम्नलिखित तीन मॉड्यूलों में से किसी एक या सभी को चुनने का विकल्प होता है।

- **मॉड्यूल 1 :** प्रारंभिक चरण का कैंसर/कार्सिनोमा–इन–सीटू/प्रमुख कैंसर
- **मॉड्यूल 2 :** महिलाओं में आम सर्जरी/बीमारियाँ
- **मॉड्यूल 3 :** गर्भावस्था संबंधी जटिलताएँ और जन्मजात विसंगतियाँ

एलआईसी के महिला गंभीर बीमारी हितलाभ राइडर के अंतर्गत प्रीमियम, मूल उत्पाद के अंतर्गत प्रीमियम के 100% से अधिक नहीं होगी। सभी जीवन बीमा राइडरों के अंतर्गत प्रीमियम मूल योजना की प्रीमियम के 30% से अधिक नहीं होगी।

एलआईसी के दुर्घटना हितलाभ राइडर के संबंध में राइडर बीमा राशि मूल उत्पाद के अंतर्गत मूल बीमा राशि के तीन गुना से अधिक नहीं होगी। एलआईसी की महिला गंभीर बीमारी हितलाभ राइडर के संबंध में अधिकतम राइडर बीमा राशि, मूल उत्पाद के अंतर्गत मृत्यु पर बीमा राशि के 50% के बराबर या रु. 5 लाख, जो भी कम हो, होगी। अन्य सभी राइडरों के अंतर्गत मिलने वाला कोई भी हितलाभ मूल उत्पाद के अंतर्गत मूल बीमा राशि से अधिक नहीं होगा।

उपरोक्त राइडरों के बारे में अधिक जानकारी के लिए राइडर विवरणिका देखें या एलआईसी के निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क करें।

II. (परिपक्वता हितलाभ के लिए) निपटान विकल्प:

निपटान विकल्प चालू और चुकता पॉलिसी के अंतर्गत परिपक्वता हितलाभ को एकमुश्त राशि के बदले 5 या 10 या 15 वर्षों की चुनी हुई अवधि में, किस्तों में प्राप्त करने का विकल्प है। इस विकल्प को बीमित व्यक्ति द्वारा इस विकल्प का उपयोग पॉलिसी के तहत देय परिपक्वता लाभ प्राप्त किया जाता है। बीमित व्यक्तियों द्वारा, पॉलिसी के अंतर्गत देय परिपक्वता हितलाभ के पूर्ण या एक हिस्से के लिए अपनाया जा सकता है। बीमित व्यक्ति द्वारा चुनी गई राशि (अर्थात दावे की कुल राशि) दावे की कुल देय राशि के पूर्ण मूल्य या प्रतिशत के रूप में हो सकती है।

किस्तों का भुगतान, चुने गए अनुसार, वार्षिक या अर्द्ध–वार्षिक या त्रैमासिक या मासिक अंतराल पर अग्रिम रूप से किया जाएगा, जो कि विभिन्न भुगतान माध्यमों के लिए नीचे दी गई न्यूनतम किस्त राशि के अधीन होगा:

किस्त भुगतान का माध्यम	न्यूनतम किस्त राशि
मासिक	रु. 5,000/–
त्रैमासिक	रु. 15,000/–
अर्द्ध–वार्षिक	रु. 25,000/–
वार्षिक	रु. 50,000/–

अगर दावे की शुद्ध राशि बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प हेतु न्यूनतम किस्त राशि से कम है तो राशि का केवल एकमुश्त भुगतान ही किया जाएगा।

1 मई से 30 अप्रैल की 12 महीने की अवधि के दौरान शुरू होने वाले सभी किस्त भुगतान विकल्पों के लिए प्रत्येक किस्त की राशि की गणना करने के लिए इस्तेमाल की गई ब्याज दर 10 वर्ष वार्षिक प्रभावी दर से कम नहीं होगी जो कि छमाही जी–सेक दर मायनस 2% होगी; जहां 10 वर्षीय जी–सेक दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन के अनुसार होगी।

तदनुसार, 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के लिए किस्त राशि की गणना के लिए प्रभावी ब्याज दर 4.62% प्रति वर्ष होगी।

परिपक्वता हितलाभ में निपटान विकल्प का इस्तेमाल करना, बीमित व्यक्ति को परिपक्वता की देय तिथि से कम से कम 3 माह पहले, किस्तों में दावे की कुल राशि को पाने के लिए विकल्प को चुनना होगा।

पहला भुगतान परिपक्वता की तिथि को किया जाएगा और उसके बाद पॉलिसीधारक द्वारा चुने हुए किस्त भुगतान के माध्यम के अनुसार परिपक्वता की तिथि से प्रत्येक महीने या त्रैमासिक या अर्द्ध–वार्षिक या वार्षिक आधार पर, जैसा भी मामला हो, भुगतान किया जाएगा।

निपटान विकल्प के अंतर्गत किस्त भुगतान शुरू होने के बाद:

ए. अगर किसी बीमित व्यक्ति ने जिसने परिपक्वता हितलाभ के निपटान विकल्प चुना है, उस विकल्प को वापस लेकर बकाया किस्तों को एक साथ लेना चाहता है, तो बीमित व्यक्ति से इस बारे में लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर इसकी अनुमति होगी। ऐसे मामले में, एकमुश्त राशि जो कि निम्नलिखित में से जो भी अधिक हो, के समान होगी तथा पॉलिसी को निरस्त कर दिया जाएगा,

- भविष्य में देय सभी किस्तों का रियायती मूल्य;

  या

- (मूल राशि जिसके लिए निपटान विकल्प चुना गया था)– (अदा की जा चुकी किस्तों का योगफल)

बी. भविष्य के किस्त भुगतानों को डिस्काउंट करने के लिए अपनाई जाने वाली ब्याज दर 10 वर्ष तक के लिए छमाही जी–सेक दर से वार्षिक प्रभावी दर होगी; जहां 10 वर्ष की छमाही जी–सेक दर पूर्व वित्तीय वर्ष के अंतिम कामकाजी दिन, जिसके दौरान निपटान विकल्प को आरम्भ गया था, के अनुसार होगी।

तदनुसार, 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के दौरान सभी निपटान विकल्पों के संबंध में, भविष्य की किस्तों के लिए प्रयुक्त, या भविष्य की किस्तों में छूट देने वाली अधिकतम प्रभावी ब्याज दर 6.62% प्रति वर्ष होगी।

सी. परिपक्वता की तिथि के पश्चात, बीमित व्यक्ति की मृत्यु के मामले में, जिसने निपटान विकल्प चुना हो, बकाया किस्तों का भुगतान नामित व्यक्ति को बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प के अनुसार, जारी रहेगा, और नामित व्यक्ति को इसमें कोई बदलाव की अनुमति नही होगी।

III. किस्तों में मृत्यु हितलाभ लेने का विकल्प:

यह एक विकल्प है, जिसके अंतर्गत पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर देय मृत्यु हितलाभ किस्तों में प्राप्त किया जा सकता है और इसे चालू और चुकता पॉलिसी के अंतर्गत एकमुश्त राशि के बजाय 5 या 10 या 15 वर्ष की अवधि में किस्तों में प्रदान किया जाता है। इस विकल्प का उपयोग बीमित व्यक्ति अपने जीवनकाल के दौरान पॉलिसी के अंतर्गत देय मृत्यु हितलाभ का पूरा या आंशिक हिस्सा प्राप्त करने के लिए कर सकता है। बीमित व्यक्ति द्वारा चुनी गई राशि (अर्थात दावे की कुल राशि) या तो पूर्ण मूल्य के रूप में या देय कुल दावा राशि के प्रतिशत के रूप में हो सकती है।

किस्तों का भुगतान, चुने गए अनुसार, वार्षिक या अर्द्ध–वार्षिक या त्रैमासिक या मासिक अंतराल पर अग्रिम रूप से किया जाएगा, जो कि विभिन्न भुगतान माध्यमों के लिए नीचे दी गई न्यूनतम किस्त राशि के अधीन होगी।

किस्त भुगतान का माध्यम	न्यूनतम किस्त राशि
मासिक	रु. 5,000/-
त्रैमासिक	रु. 15,000/-
अर्द्ध–वार्षिक	रु. 25,000/-
वार्षिक	रु. 50,000/-

अगर दावे की कुल राशि बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प हेतु न्यूनतम किस्त राशि से कम है तो राशि का केवल एकमुश्त भुगतान किया जाएगा।

1 मई से 30 अप्रैल की 12 महीने की अवधि के दौरान शुरू होने वाले सभी किस्त भुगतान विकल्पों के लिए प्रत्येक किस्त की राशि की गणना करने के लिए इस्तेमाल की गई ब्याज दर 10 वर्ष वार्षिक प्रभावी दर से कम नहीं होगी जो कि छमाही जी–सेक दर मायनस 2% होगी; जहां 10 वर्षीय जी–सेक दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन के अनुसार होगी।

तदनुसार, 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के लिए किस्त राशि की गणना के लिए प्रभावी ब्याज दर 4.62% प्रति वर्ष होगी।

किस्तों में मृत्यु हितलाभ लेने के इस विकल्प का प्रयोग करने के लिए, बीमित व्यक्ति अपने जीवनकाल के दौरान पॉलिसी के प्रचलन में रहते हुए इस विकल्प का प्रयोग कर सकता है, तथा उसे किस्त भुगतान की अवधि और शुद्ध दावा राशि निर्दिष्ट करनी होगी, जिसके लिए इस विकल्प का प्रयोग किया जाना है। बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प के अनुसार तब नामित व्यक्ति को मृत्यु दावे की राशि का भुगतान किया जाएगा और नामित व्यक्ति को इसमें कोई बदलाव नहीं करने दिया जाएगा।

IV. उत्तरजीविता हितलाभ आस्थगन का विकल्प:

पॉलिसीधारक के पास चालू और चुकता पॉलिसी के अंतर्गत 5 वर्ष की अवधि के लिए किसी भी उत्तरजीविता हितलाभ को स्थगित करने का विकल्प होगा। यह विकल्प तीनों विकल्पों, अर्थात विकल्प ए, विकल्प बी और विकल्प सी के अंतर्गत उपलब्ध है और यह निम्नांकित के अधीन है:

i) इस विकल्प का उपयोग विकल्प ए के अंतर्गत एक बार और विकल्प बी तथा विकल्प सी के अंतर्गत अधिकतम दो उत्तरजीविता हितलाभों के लिए किया जा सकता है, बशर्ते उत्तरजीविता हितलाभ प्राप्ति की तिथि से बकाया पॉलिसी अवधि कम से कम 5 वर्ष हो। बीमित व्यक्ति को विकल्प बी और विकल्प सी के अंतर्गत प्रत्येक उत्तरजीविता हितलाभ के लिए अलग–अलग, लेकिन उत्तरजीविता हितलाभ की देय तिथि से 90 दिन पहले, इस विकल्प का उपयोग करना होगा।

ii) आस्थगित उत्तरजीविता हितलाभ को उसकी देय तिथि से 5 वर्षों के लिए लागू संचय दर पर संचित किया जाएगा।

iii) ऐसे आस्थगित उत्तरजीविता हितलाभ का संचित मूल्य पॉलिसीधारक को उसकी संबंधित देय तिथि से 5वें वर्ष के अंत में देय होगा।

iv) 1 मई से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलने वाली 12 महीने की अवधि के भीतर आस्थगित और समाप्त होने वाले उत्तरजीविता हितलाभ के लिए लागू संचय दर 5–वर्षीय वार्षिक जी–सेक प्रतिफल में से 50 आधार अंक घटाकर उसके बराबर होगी, जहां 5 वर्ष की वार्षिक जी–सेक प्रति वर्ष प्रतिफल पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन के रूप में होगा। 1 मई 2025 से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक की 12 महीने की अवधि में आस्थगित और समाप्त होने वाले उत्तरजीविता हितलाभों के लिए लागू संचय दर 6.09% प्रति वर्ष होगी।

उपरोक्त संचय दर के निर्धारण का आधार परिवर्तन के अधीन है।

v) इस विकल्प का प्रयोग केवल तभी किया जा सकता है, जब पॉलिसी के अंतर्गत कोई ऋण बकाया न हो।

vi) बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने या पॉलिसी के परिपक्व होने, जो भी पहले हो, की स्थिति में मृत्यु या परिपक्वता की तिथि तक स्थगित उत्तरजीविता हितलाभ भुगतान का अर्जित मूल्य (यदि कोई हो) देय होगा।

vii) पॉलिसी के अभ्यर्पण पर, अभ्यर्पण मूल्य, यदि कोई हो, में आस्थगित उत्तरजीविता हितलाभों का संचित मूल्य भी शामिल होगा, जिसकी पुनर्गणना उत्तरजीविता हितलाभ भुगतान की संबंधित देय तिथि से पॉलिसी के अभ्यर्पण की तिथि तक पूर्ण महीनों के लिए संशोधित संचय दर पर की जाएगी।

viii) पॉलिसीधारक उत्तरजीविता हितलाभ आस्थगन विकल्प का प्रयोग करने के बाद किसी भी समय इसे निरस्त कर सकता है। ऐसे निरस्तीकरण पर आस्थगित उत्तरजीविता हितलाभ भुगतानों की पुनर्गणना संचित मूल्य उत्तरजीविता हितलाभ की संबंधित देय तिथि से उत्तरजीविता हितलाभ आस्थगन विकल्प के निरस्तीकरण की तिथि तक पूर्ण महीनों के लिए संशोधित संचय दर पर की जाएगी और भुगतान एकमुश्त रूप में किया जाएगा। निरस्तीकरण की तिथि के बाद देय होने वाले सभी उत्तरजीविता हितलाभों का भुगतान यदि कोई हो, उनकी संबंधित देय तिथियों पर किया जाएगा।

ix) पॉलिसी के अभ्यर्पण या विकल्प के निरस्तीकरण के ऐसे मामलों में, संचित मूल्यों की पुनर्गणना के लिए लागू दर, उपरोक्त (बिंदु (iv)) के अनुसार गणना की गई संबंधित देय तिथि पर लागू संचय दर में से 100 आधार अंक घटाकर उसके बराबर होगी।

x) पॉलिसी के अभ्यर्पण या विकल्प के निरस्तीकरण के मामले में, 1 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक की 12 महीने की अवधि के दौरान देय और आस्थगित उत्तरजीविता हितलाभ भुगतान, संचित मूल्यों की पुनर्गणना के लिए लागू दर 5.09% प्रति वर्ष होगी।

5. प्रीमियमों का भुगतान

पॉलिसी की प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान प्रीमियमों का भुगतान नियमित रूप से किया जा सकता है और प्रीमियम भुगतान की विधि वार्षिक, अर्ध–वार्षिक, त्रैमासिक या मासिक (केवल एनएसीएच के माध्यम से) या वेतन कटौती के माध्यम से हो सकती है।

6. अनुग्रह अवधि

भुगतान न हुई प्रीमियम की पहली तिथि से मासिक प्रीमियम के भुगतान के लिए 15 दिन तथा वार्षिक या अर्द्ध–वार्षिक या त्रैमासिक प्रीमियम के भुगतान के लिए 30 दिन की एक अनुग्रह अवधि होगी। इस अवधि के दौरान, इस पॉलिसी की शर्तों के अनुसार, यह पॉलिसी बिना किसी रुकावट के, जोखिम बीमा–सुरक्षा के साथ चालू मानी जाएगी। यदि अनुग्रह अवधि के दिन पूरे होने से पहले प्रीमियम का भुगतान नहीं किया जाता है, तो पॉलिसी कालातीत हो जाती है।

उपरोक्त अनुग्रह अवधि उन हितलाभ प्रीमियमों के लिए भी लागू होगी, जो मूल पॉलिसी की प्रीमियम के साथ देय हैं।

7. नमूना हेतु उदाहरणात्मक प्रीमियम

ऑफलाइन बेची जाने वाली पॉलिसियों के लिए विभिन्न प्रीमियम भुगतान अवधि के अंतर्गत 35 वर्ष की आयु के मानक जीवन के लिए 2 लाख रुपए की मूल बीमा राशि के लिए नमूना हेतु उदाहरणात्मक वार्षिक प्रीमियमें निम्नानुसार हैं:

(राशि रु. में)

प्रीमियम भुगतान अवधि (वर्षों में)	विकल्प ए के लिए वार्षिक प्रीमियम	विकल्प बी के लिए वार्षिक प्रीमियम	विकल्प सी के लिए वार्षिक प्रीमियम
7	47,840	56,700	54,470
8	40,990	50,190	48,230
9	35,880	45,350	43,580
10	34,480	44,940	43,190
11	30,890	41,470	39,860
12	27,990	38,660	37,160
13	25,600	36,340	34,940
14	23,590	34,390	33,060
15	22,590	33,780	32,480

उपरोक्त प्रीमियमों में कर शामिल नहीं हैं।

8. प्रीमियम रुपांतरण गुणक

प्रीमियम भुगतान के विभिन्न माध्यमों हेतु लागू प्रीमियम रुपांतरण घटक निम्न अनुसार हैं:

प्रीमियम भुगतान का माध्यम	प्रीमियम रुपांतरण गुणक
वार्षिक	1.0000
अर्ध–वार्षिक	0.5090
त्रैमासिक	0.2568
मासिक	0.0861

वार्षिक विधि के अलावा अन्य देय प्रीमियमों की गणना लागू प्रीमियम रूपांतरण गुणक को वार्षिक प्रीमियम से गुणा करके की जाएगी।

9. प्रोत्साहन राशियाँ

I. उच्च मूल बीमा राशि के लिए प्रोत्साहन राशि:

उच्च मूल बीमा राशि के लिए प्रोत्साहन राशि को गारंटीकृत अभिवृद्धि दर में वृद्धि के रूप में दिया जाएगा। भुगतान की गई प्रीमियमों के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीकृत अभिवृद्धियों के संदर्भ में प्रोत्साहन राशियाँ निम्नानुसार होंगी:

उच्च बीमित राशि के लिए प्रोत्साहन राशि (भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के % के रूप में गारंटीकृत अभिवृद्धि दर)					
पीपीटी (वर्ष)	मूल बीमित राशि (रु.)				
	2,00,000 से लेकर 5,00,000 से कम तक	5,00,000 से लेकर 10,00,000 से कम तक	10,00,000 से लेकर 15,00,000 से कम तक	15,00,000 से लेकर 25,00,000 से कम तक	25,00,000 और उससे अधिक
7 से 9	शून्य	0.25%	0.35%	0.40%	0.45%
10 से 15	शून्य	0.30%	0.40%	0.45%	0.50%

II. ऑनलाइन विक्रय के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि:

किसी अभिकर्ता/मध्यस्थ की सहायता के बिना ऑनलाइन विक्रय के अंतर्गत पूर्ण किए गए प्रस्ताव गारंटीकृत अभिवृद्धियों की दर में वृद्धि के रूप में प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होगा। भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीकृत अभिवृद्धि के संदर्भ में प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार होंगी:

प्रीमियम भुगतान अवधि (पीपीटी) (वर्ष)	गारंटीकृत अभिवृद्धि दर (भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के % के रूप में)
7 से 9	0.75%
10 से 14	1.25%
15	1.50%

III. मौजूदा पॉलिसीधारक और मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी के लिए प्रोत्साहन राशि:

प्रोत्साहन राशि गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर में वृद्धि के रूप में उपलब्ध होगी।

इस योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी के मौजूदा पॉलिसीधारकों, जिनमें मृतक पॉलिसीधारक के नामित या लाभार्थी भी शामिल हैं, के लिए भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीकृत अभिवृद्धि के संदर्भ में प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार होगी:

पॉलिसीधारक की श्रेणी	प्रोत्साहन राशि	
	पीपीटी (वर्षों में)	गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर (भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में)
यदि किसी मौजूदा पॉलिसीधारक के पास निगम की पॉलिसी है, जो इस उत्पाद के अंतर्गत प्रस्ताव के पंजीकरण से एक वर्ष के भीतर परिपक्व हो गई है और उसके द्वारा इस योजना को अपने जीवन और/या परिवार के किसी सदस्य के जीवन पर खरीदा जाता ह*; **या** यदि यह योजना निगम के मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी द्वारा खरीदी जाती है, जहाँ मृत्यु की तिथि इस उत्पाद के अंतर्गत प्रस्ताव के पंजीकरण से एक वर्ष के भीतर है; **या** यदि यह योजना किसी मौजूदा पॉलिसीधारक द्वारा खरीदी जाती है, जिसके पास निगम की एक चालू पॉलिसी है। *(*परिवार के सदस्यों का अर्थ है दादा-दादी, माता-पिता, पति/पत्नी, बच्चे या पोते-पोतियाँ)*	7 से 11	0.05%
	12 से 15	0.10%

10. पुनर्चलन

यदि प्रीमियम का भुगतान अनुग्रह के दिनों के समापन के पहले नहीं किया जाता है तो इससे पॉलिसी कालातीत हो जाएगी। किसी कालातीत पॉलिसी को भुगतान न की गई पहली प्रीमियम की तिथि से 5 क्रमागत वर्षों की अवधि के भीतर और परिपक्वता की तिथि से पहले, जैसा भी मामला हो, पुनचलित करवाया जा सकता है। यह पुनर्चलन समय-समय पर निगम द्वारा निर्धारित की जा सकने वाली दरों पर ब्याज (चक्रवृद्धि अर्द्ध-वार्षिक) के साथ प्रीमियम(मों) की समस्त बकाया राशियों के भुगतान पर एवं बीमित व्यक्ति की निरंतर बीमा योग्यता की संतुष्टि होने पर प्रभावी होगा, और यह संतुष्टि उन जानकारियों, प्रलेखों और प्रतिवेदनों के आधार पर होगी, जो पहले से ही उपलब्ध हैं और इस संबंध में ऐसी किन्हीं अतिरिक्त जानकारियों के आधार पर होगी, जो पुनर्चलन के समय पर निगम की बीमांकन नीति के अनुसार आवश्यक हो सकती हैं और जिन्हें पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा प्रदान किया जाता है।

निगम के पास मूल शर्तों पर स्वीकार करने, संशोधित शर्तों पर स्वीकार करने या स्थगित पॉलिसी के पुनचर्लन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। स्थगित पॉलिसी का पुनर्चलन केवल उसे निगम द्वारा स्वीकृत करने एवं पॉलिसीधारक को विशेष रूप से इसके बारे में पुनर्चलन रसीद जारी किए जाने के बाद प्रभावी होगा।

1 मई से आरंभ कर 30 अप्रैल तक चलने वाली प्रत्येक 12 माह की अवधि के लिए, इस उत्पाद के अंतर्गत पुनर्चलन के लिए लागू ब्याज दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम

कारोबारी दिन के अनुसार अर्धवार्षिक रूप से चक्रवृद्धि के साथ 10 वर्षीय जी–सेक प्रतिफल में 3% जोड़कर उसके योग, या निगम की असंबद्ध, असहभागी निधि पर अर्जित प्रतिफल में 1% जोड़कर उसके योग, जो भी अधिक हो, से अधिक नहीं होगी। 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के लिए, लागू ब्याज दर अर्धवार्षिक रूप से चक्रवृद्धि के साथ 9.50% प्रति वर्ष होगी।

पॉलिसी पुनर्चलन के लिए ब्याज दर निर्धारण का आधार परिवर्तन के अधीन है।

कालातीत या चुकता पॉलिसी के पुर्नचलन पर, पॉलिसी के अंतर्गत सभी हितलाभ, जो कि पॉलिसी के कालातीत या चुकता होने की तिथि से पहले उपलब्ध थे, बहाल हो जाएंगे।

यदि पुनर्चलन अवधि प्रीमियम भुगतान अवधि से आगे बढ जाती है और पॉलिसी को उत्तरजीविता लाभ की नियत तिथि के बाद पुनर्जीवित किया जाता है, तो चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय पूर्ण उत्तरजीविता लाभ और चुकता पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए पहले से भुगतान किए गए उत्तरजीविता लाभ के बीच का अंतर पॉलिसीधारक को भुगतान किया जाएगा। चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय गारंटीकृत अभिवृद्धियों और चुकता पॉलिसी के अंतर्गत कम की गई गारंटीकृत अभिवृद्धियों के बीच का अंतर भी पॉलिसी के अंतर्गत अर्जित होगा। पॉलिसी के पुनर्चलन के बाद, चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ पॉलिसी के अंतर्गत अर्जित होती रहेंगी।

राइडर (र्स) का पुनर्चलन, अगर चुना गया हो, तो केवल मूल पॉलिसी के पुनर्चलन के साथ विचारणीया होगा तथा अलग से नहीं किया जाएगा।

11. चुकता मूल्य

इस पॉलिसी के संबंध में यदि एक वर्ष से कम प्रीमियम का भुगतान किया गया है, और किसी भी अनुवर्ती प्रीमियम का विधिवत भुगतान नहीं किया गया है, तो पॉलिसी के अंतर्गत सभी लाभ भुगतान न की गई पहली प्रीमियम की तिथि से अनुग्रह अवधि की समाप्ति के बाद स्थगित हो जाएँगे और कुछ भी देय नहीं होगा।

यदि कम से कम एक पूर्ण वर्ष की प्रीमियम चुकाने के बाद भी किसी भी आगामी प्रीमियम का भुगतान विधिवत नहीं किया जाता है, तो पहले पॉलिसी वर्ष के पूरा होने पर, पॉलिसी पूरी तरह से शून्य नहीं होगी, बल्कि चुकता पॉलिसी के रूप में बनी रहेगी।

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत **मृत्यु पर बीमा राशि** घटकर एक ऐसी राशि हो जाएगी जिसे **"मृत्यु पर चुकता बीमा राशि"** कहा गया है और वह मृत्यु पर बीमा राशि *गुणित* उस कुल अवधि के अनुपात, जिसके लिए प्रीमियमों का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, उस अधिकतम अवधि के लिए, जिसके लिए प्रीमियम मूल रूप से देय थे, के बराबर होगी।

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत **परिपक्वता पर चुकता बीमा राशि** घटकर एक ऐसी राशि हो जाएगी जिसे **"परिपक्वता पर चुकता बीमा राशि"** कहा गया है और वह **परिपक्वता पर बीमा राशि** *गुणित* उस कुल अवधि के अनुपात, जिसके लिए प्रीमियमों का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, उस अधिकतम अवधि के लिए, जिसके लिए प्रीमियम मूल रूप से देय थे, के बराबर होगी।

एक चुकता पॉलिसी के अंतर्गत देय हितलाभ निम्नानुसार होंगे:

I. **यदि कम से कम एक पूर्ण वर्ष की प्रीमियम, किन्तु 3 पूर्ण वर्षों से कम की प्रीमियम का भुगतान किया गया हो :**

ए) अनुग्रह अवधि पूरी होने के बाद बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर:

मृत्यु पर चुकता बीमा राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त, लागू दरों पर अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धि भी देय होगी।

बी) परिपक्वता तिथि तक बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर :

परिपक्वता चुकता बीमा राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त, लागू दरों पर अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धि भी देय होगी।

II. **यदि कम से कम तीन पूर्ण वर्षों की प्रीमियम का भुगतान किया गया हो।**

एक चुकता पॉलिसी के अंतर्गत, जहाँ कम से कम तीन पूर्ण वर्षों की प्रीमियम का भुगतान किया गया हो, निम्नांकित स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि लागू होगी।

स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि :

किसी चुकता पॉलिसी के अंतर्गत "स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि" भुगतान न हुई पहली प्रीमियम (एफयूपी) की देय तिथि से अवधि होगी। स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि की अवधि निम्नानुसार होगी:

1. यदि किसी पॉलिसी के अंतर्गत कम से कम तीन पूर्ण वर्षों की, किन्तु पांच पूर्ण वर्षों से कम की प्रीमियम का भुगतान किया गया है और उसके बाद की किसी भी आगामी प्रीमियम का भुगतान विधिवत नहीं किया गया है: तो छह महीने की स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि उपलब्ध होगी।

2. यदि किसी पॉलिसी के अंतर्गत कम से कम पांच पूर्ण वर्षों की प्रीमियम का भुगतान किया गया है और उसके बाद की किसी भी प्रीमियम का भुगतान विधिवत नहीं किया गया है: तो 2 वर्षों की स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि उपलब्ध होगी।

ए. स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि के दौरान चुकता पॉलिसी के अंतर्गत देय हितलाभ निम्नानुसार होंगे:

1. अनुग्रह अवधि पूरी होने के बाद लेकिन स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर : मृत्यु हितलाभ, जो कि चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय है, (ए) मूल पॉलिसी के संबंध में मृत्यु की तिथि तक भुगतान न हुई प्रीमियम, उस पर ब्याज सहित, तथा (बी) मूल पॉलिसी के लिए मृत्यु की तिथि से और अगली पॉलिसी वर्षगांठ से पहले देय शेष प्रीमियम, यदि कोई हो, की कटौती के बाद भुगतान किया जाएगा।

   स्वत: बीमा–सुरक्षा के दौरान मृत्यु हितलाभ का यह प्रावधान स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि के दौरान आत्महत्या के कारण हुई मृत्यु की स्थिति में लागू नहीं होगा। ऐसे मामलों में अनुच्छेद 11बी (1) या अनुच्छेद 18, जो भी लागू हो, के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

2. परिपक्वता पर: परिपक्वता पर चुकता बीमित राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त, परिपक्वता पर लागू दरों पर अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ भी देय होंगी।

बी. स्वत: बीमा–सुरक्षा अवधि की समाप्ति के बाद चुकता पॉलिसी के अंतर्गत देय हितलाभ निम्नानुसार होंगे:

1. मृत्यु होने पर: मृत्यु पर चुकता बीमा राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त लागू दरों पर अर्जित गारंटीकृत अतिरिक्त राशि भी देय होगी।

2. परिपक्वता पर: परिपक्वता पर चुकता बीमा राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त लागू दरों पर अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ भी देय होंगी।

   चुकता पॉलिसी के अंतर्गत मृत्यु हितलाभ, मृत्यु की तिथि तक भुगतान की गई कुल प्रीमियम के 105% से कम नहीं होगा।

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत उत्तरजीविता हितलाभ:

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत देय उत्तरजीविता हितलाभ, चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय उत्तरजीविता हितलाभ *गुणित* पहले से भुगतान की गई प्रीमियम की कुल अवधि और वह अधिकतम अवधि, जिसके लिए प्रीमियमें मूल रूप से देय थीं, का अनुपात, के बराबर होगा। ये उत्तरजीविता हितलाभ चयनित विकल्प के अनुसार पॉलिसी अवधि के दौरान निर्दिष्ट अवधि में से प्रत्येक तक जीवित रहने पर बीमित व्यक्ति को देय होंगे।

हालाँकि, यदि उत्तरजीविता हितलाभ(भों) को आस्थगन करने का विकल्प चुना गया है और ऐसे उत्तरजीविता हितलाभ(भों) का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, तो उपरोक्त अनुच्छेद 4.IV में निर्दिष्ट ये संचित उत्तरजीविता हितलाभ, मृत्यु, अभ्यर्पण या परिपक्वता के रूप में पॉलिसी की समाप्ति, जो भी पहले हो, हितलाभ के साथ देय होंगे।

चुकता पॉलिसी के लिए गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ:

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत गारंटीकृत अभिवृद्धि, पॉलिसी अवधि के दौरान प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होगी।

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत गारंटीकृत अतिरिक्त राशि निम्नांकित का योग होगी:

ए) उस अवधि के लिए, जिसके लिए पूर्ण वर्ष की प्रीमियम का भुगतान किया गया है : पॉलिसी के अंतर्गत अर्जित गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ, चालू पॉलिसी के अंतर्गत लागू दर के साथ पॉलिसी के अंतर्गत संलग्न रहेंगी।

बी) उस पॉलिसी वर्ष के लिए, जिसके लिए पूर्ण वर्ष की प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया है (वह वर्ष जिसमें पॉलिसी चुकता हो जाती है) और आगामी वर्षों के लिए: गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ निम्नानुसार होंगी:

(i) उस पॉलिसी वर्ष के लिए, जिसके लिए पूर्ण वर्ष की प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया है, गारंटीकृत अभिवृद्धि उस पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होगी और यह चालू पॉलिसी के लिए लागू दर के साथ, चालू अवधि के लिए आनुपातिक गारंटीकृत अभिवृद्धि का योग होगी तथा पॉलिसी की भुगतान अवधि के लिए आनुपातिक गारंटीकृत अभिवृद्धि, चुकता पॉलिसी के लिए लागू गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर के साथ होगी (जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है)।

(ii) पॉलिसी अवधि के दौरान आगामी पॉलिसी वर्षों के लिए, गारंटीकृत अभिवृद्धियाँ प्रत्येक पूर्ण पॉलिसी वर्ष के अंत में चुकता पॉलिसी के लिए लागू गारंटीकृत अभिवृद्धियों की दर के साथ अर्जित होंगी (जैसा कि नीचे उल्लेखित है)।

